हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
गुरुवार
13 अगस्त 2026, बरेली

**Page No. 04 : Middle**

# 100 से ज्यादा मरीजों ने कराई जांच

## कैंसर स्क्रीनिंग



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार को कैंसर स्क्रीनिंग करते डॉक्टर।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से आजादी के पर्व पर कैंसर से आजादी तक नाम से तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग अभियान बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन कैंप में 100 से ज्यादा मरीज पहुंचे और स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग हुई।

मैमोग्राफी, एक्स रे चेस्ट, अल्ट्रासाउंड ब्रेस्ट, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, अल्ट्रासाउंड टीवीएस, एस पीएसए, एचपीवी डीएनए, सीबीसी, एलबीसी और ऑकल्ट ब्लड स्टूल की जांच के बाद रिपोर्ट में 50 मरीज संदिग्ध मिले। ऑन्कोलॉजिस्ट डा. अरविंद चौहान ने ओरल कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक किया और परिचर्चा में इसके लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बताए। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से 14 अगस्त तक कैंप का संचालन किया जाएगा।

कैंसर विशेषज्ञ डा.पियूष कुमार, डा.मनोज कुमार टांगड़ी, डा.शुभांशु गुप्ता, डा.अदादि श्रीनिवास नायडू, डा.हिमांशी खट्टर और डा.दिशा सत्या ने मरीजों को परामर्श दिया। मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में डा. अरविंद चौहान ने ओरल कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बता कर लोगों को जागरुक किया।

डॉ. पियूष कुमार अग्रवाल ने पहले दिन के कैंप के संबंध में जानकारी दी। 14 अगस्त से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में ब्रेस्ट क्लीनिक भी आरंभ किया जाएगा।